## सार-समाचार

### कार्यकारिणी घोषित

**मंडफिया,** (निसं)। राजस्थान ब्राह्मण महासभा की भदेसर तहसील कार्यकारिणी की घोषणा हुई। महासभा के संरक्षक एसडी शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राधेश्याम जैमिनी व चित्तौड़गढ़ जिलाध्यक्ष पंडित राकेश शास्त्री की अनुशंसा पर भदेसर तहसील अध्यक्ष उमेश तिवारी सांवलियाजी ने भदेसर तहसील की नवनियुक्त कार्यकारिणी की घोषणा की। महासभा की नवीन कार्यकारिणी में सतीश जोशी भदेसर को राजस्थान ब्राह्मण महासभा युवा तहसील अध्यक्ष, रोहित शर्मा भादसोड़ा को परशुराम सेना तहसील अध्यक्ष, रवि शर्मा सांवलियाजी व महेश मेनारिया भदेसर को महामंत्री, अरुण कुमार दाधीच, सुधीर तिवारी व सांवरकुमार ओझा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पुरण शर्मा बानसेन, अनिल शर्मा सांवलियाजी, नवीन तिवारी सांवलियाजी, चंद्रप्रकाश आमेटा भादसोड़ा व नारायण शर्मा टोकरिया धनेत को उपाध्यक्ष, रविकांत शर्मा सांवलियाजी व चेतन शर्मा नपानिया को संयुक्त मंत्री, पवन तिवारी पुत्र भगवानलाल तिवारी सांवलियाजी को प्रचार प्रसार मंत्री, सतीश शर्मा, प्रहलाद शर्मा टोकरिया धनेत, ललित बालोटिया सांवलियाजी, गौरव शर्मा सांवलियाजी, आशीष दाधीच सांवलियाजी, सन्नी शर्मा सांवलियाजी, कालूलाल शर्मा टांडी खेड़ा, मुकेश सुखवाल पोटला कलां, मुकेश खंडेलवाल चरलिया, गौरव शर्मा करोली, अनिल पुरोहित कुरेठा, गिरीश जोशी सांवलियाजी, पुष्कर मेनारिया आवरीमाता, कमलेश भट्ट भदेसर, नारायण जोशी कन्नौज तथा अंकित सुखवाल भदेसर को कार्यकारिणी सदस्य के पद पर नियुक्त किया गया। राजस्थान ब्राह्मण महासभा भदेसर तहसील कार्यकारिणी की घोषणा होने पर तहसील क्षेत्र के ब्राह्मण समाज में हर्ष का माहौल है।

### कबड्डी प्रतियोगिता में परचम लहराया

**कपासन,** (निसं)।67वीं ब्लाक स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में महेश ज्ञान मंदिर के छात्रों ने परचम लहराया।महेश शिक्षा समिति के निर्देशन में संचालित महेश ज्ञान मंदिर उ.मा. वि. के पांच छात्रों का चयन जिला स्तर पर हुआ। संस्था प्रधान डा.कमलेश मीणा ने बताया कि विद्यालय की अंडर 17 छात्रों की टीम ने वर्तमान में चल रही ब्लॉक स्तरीय कब्बडी प्रतियोगिता में भाग लिया एवं ब्लाक की उपविजेता टीम बनी। प्रतियोगिता का आयोजन 13 सितंबर से 15 सितंबर के बीच दामाखेड़ा, मॉडल स्कूल में किया गया था। टीम प्रभारी राजमल बारेठ के निर्देशन में गयी टीम का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा एवं विद्यालय के पाँच छात्रों दीपक जाट, युवराज जाट, कन्हैयालाल सेन, सुमित जॉट एवं प्रेम वैष्णव का चयन जिला स्तर पर हुआ। सभी छात्र एवं चयनित टीम 24 से 27 सितम्बर तक रा.उ.मा. वि. लालास में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता में टीम प्रभारी वरिष्ठ शारीरिक राजमल बारेठ के नेतृत्व में भाग लेगी। प्रधानाचार्य कमलेश मीणा एवं समस्त शिक्षक गणों ने छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ एवं बधाई दी है।

### करंट से महिला की मौत

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले के वरदा थाना क्षेत्र के सेलज उटा फला गांव में एक महिला को करंट लगने से मौत होने का मामला सामने आया है। जानकारी अनुसार सेलज उटा फला निवासी जीवराम डूंगर रोत ने पुलिस को रिपोर्ट देकर बताया की रविवार सुबह को मेरी पत्नी राजू देवी घर पर काम कर रही थी। इस दौरान घर के पास ही पशु घर में पशुओ को बांध रखा था। राजू देवी घर का काम करते करते पशु घर में गई। जहा पर घर का बिजली कनेक्शन वायर लटका हुआ था। वायर के चपेट राजू देवी आ जाने से राजूदेवी को करंट लगा। जिससे वह बेहोश होकर नीचे गिर गई। जिसे परिवार के लोगो निजी वाहन की मदद से डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंचे। जहा डॉक्टरों ने जांच के बाद राजुदेवी मृत घोषित कर दिया। जिसका शव जिला अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया गया। रिपोर्ट में बताया की राजू देवी की मौत करंट लगने से हुई है। शव का पुलिस ने पोर्टमार्टम करवा शव परिजनो को सुपुर्द किया।

### धरना प्रदर्शन स्थगित

**मंडफिया,** (निसं)। श्री सांवलिया जी मंदिर संविदा कर्मचारी एकता यूनियन मंडफिया ने हड़ताल धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया है। संविदा कर्मचारी एकता यूनियन के अध्यक्ष अशोक तिवारी ने बताया कि 16 सितंबर को कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर श्री सांवलिया जी मंदिर बोर्ड एवं मंदिर प्रशासन को 24 घंटे में मांगों का निराकरण करने हेतु ज्ञापन था। मांगे पूरी नहीं होने की स्थिति में आंदोलन करने हेतु चेतावनी दी थी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मंदिर प्रशासन द्वारा ठोस आश्वासन दिए जाने पर एवं आगामी जलझूलनी एकादशी मेले को देखते हुए संविदा कर्मचारियों ने हड़ताल धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया है।

### बाल अपचारी डिटेन

**उदयपुर,** (निसं)। आपसी रंजिश के चलते युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला करने वाले विधी से संघर्षरत बाल अपचारी को पुलिस ने डिटेन कर बाल सम्प्रेषण गृह भिजवाया। प्रकरण के अनुसार पीडित लोकेश पुत्र रमेश चन्द्र सोनी निवासी डबोक ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। कि 15 सितंबर रात में माउन्ट ब्ल्यू स्कूल के समीप नाकोड़ा नगर निवासी अजयराजसिंह, मनीष, शैलेन्द्र प्रतापसिंह व साथियों ने चाकू से हमला कर मेरे भाई चिराग सोनी (19) को घायल कर फरार हो गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक भूवन भूषण यादव के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनन्त कुमार, पुलिस उप अधीक्षक शिप्रा राजावत के सुपरविजन में प्रतापनगर थानाधिकारी हिमांशुसिंह राजावत के नेतृत्व में एसआई भीमाराम मय टीम ने मामले में विधी से संघर्षरत एक बाल अपचारी को डिटेन कर न्यायालय में पेश कर उसे सम्प्रेषण गृह भिजवाया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि चीराग व यश गुप्ता के बीच गत दिनों मारपीट हुई थी। इसको लेकर समझौता करने के लिए चिराग के बुलावे पर यश अपने साथियों के साथ गया था। जहां उसी बात को लेकर कहासूनी होने पर चाकू से हमला कर आरोपी फरार हो गए थे।

### पीएम के जन्मदिन पर मनाया सेवा सप्ताह

**डूंगरपुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को भारतीय जनता पार्टी सेवा सप्ताह के रूप के मना रही है। इसी कार्यक्रम के तहत रविवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा तपस मंदबुद्धि विद्यायल में फल वितरण किया गया। साथ ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल पटेल द्वारा संस्था को पंखे भेंट किये गये। कार्यक्रम में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष राजकुमारी प्रजापत, नगीनलाल जैन, नानू भाई पंवार, दिनेश चौबीसा, किरणेश्वर, हर्ष शर्मा, नीलू रोत्त, नयन सुथार सहित तपस संस्थान के अध्यापक उपस्थित थे।

# 106 करोड़ 37 लाख रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण

**राजसमन्द,** (निसं)। रविवार का दिन राजसमन्द जिले को कई सौगातें दे गया। अपने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर प्रतिबद्ध विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी पी जोशी ने कोठारिया पहुंच कर रविवार को जिले को 106 करोड़ 37 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस दौरान उनका भव्य स्वागत करने आमजन भी उमड़ पड़े। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. जोशी ने अपने वक्तव्य में विकास कार्यों से मिलने वाले लाभ पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कार्यक्रम में बालिका शिक्षा को सर्वाधिक महत्वपूर्ण बताया।सहायक अभियंता श्याम सुंदर शर्मा ने बताया कि डॉ. जोशी ने यहां 1 करोड़ रुपए की लागत से बने खेल स्टेडियम कोठारिया-ब का, 1.45 करोड़ रुपए के राउमावि कोठारिया के भवन, 1.80 करोड़ रुपए के महात्मा गांधी अंठोजी आध्यम राउमावि कोठारिया के नवीन भवन, 80 लाख रुपए की लागत के कोठारिया से करजियाघाटी तक डामरीकरण कार्य, 25 करोड़ रुपए की लागत के महाराणा प्रताप आधुनिक खेल स्टेडियम का लोकार्पण किया।इसके साथ ही 80 लाख रुपए के बाघेरी चिकलवास पुनर्गठन परियोजना के अन्तर्गत खोखाढाणी यादव बस्ती में पानी की टंकी, पाइप लाइन एवं कुआं निर्माण, 15 लाख रुपए के सीसी सडक मय नाली निर्माण कार्य पथवारी चौराहे से एकबलदिया तक, 15 लाख रुपए के चारदीवारी निर्माण कार्य पुलिस चौकी कोठारिया, 8 लाख रुपए के सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य रंगोडियाजी बावजी के पास कोठारिया, 5 लाख रुपए के सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य सदर बाजार कोठरिया, 6 लाख रुपए की लागत के स्नानघर निर्माण कार्य गणगौर घाट एंव राजघाट श्मशान घाट कोठारिया का लोकार्पण किया।

ऐसे ही 6 लाख रुपए की लागत के छत मरम्मत कार्य राजकीय विद्यालय बडलावाला, खोखाढाणी एवं मोडवा, 10 लाख रुपए की लागत के स्व हेतु सीसी सडक मय नाली निर्माण शिरवियों की भागल कोठारिया-ब, 5 लाख रुपए की लागत के स्व हेतु सीसी सडक मय नाली निर्माण ब्राह्मण बस्ती, 3 लाख रुपए की लागत के रा.प्रा.वि. के पास सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य मोडवा, 3 लाख रुपए की लागत के रा.उ.मा.वि के सामने सामुदायिक स्नानघर निर्माण कार्य, 3 लाख की लागत के सामुदायिक स्नानघर निर्माण कार्य पथवारी चौराहे के पास, 3 रुपए लाख की लागत के सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य कल्लाखेडी पाटिया कोठारिया-ब, 20 लाख रुपए की लागत के सम्पूर्ण ठाम पंचायत में नहर मरम्मत कार्य का लोकार्पण किया।

इसके अलावा 50 लाख रुपए की लागत के सिचाई नहर के दोनों तरफ पक्की सडक निर्माण कार्य, 60 करोड़ रुपए की लागत के सरस डेयरी प्लान्ट निर्माण कार्य कोठारिया चक-ब, 7 करोड़ रुपए की लागत के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नत, भुमि आवंटन एवं सुविधायुक्त नवीन भवन निर्माण तथा 7 करोड़ रुपए की लागत के जल जीवन मिशन अन्तर्गत 3 नवीन टंकी एवं 2 कुएं का निर्माण तथा सम्पूर्ण ठाम पंचायत में घर-घर नल कनेक्शन का लोकार्पण कर लोगों को सौगात दी।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी पी जोशी ने विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

## सार-समाचार

### खाटूश्याम बाबा का दरबार सजाया

**उदयपुर,** (कासं)। श्री अग्रवाल वैष्णव समाज द्वारा रविवार को खाटूश्याम की भजन संध्या से अग्रसेन जयंती मनाने का आगाज किया गया। खाटू श्यामजी की भजन संध्या में नीमच से आये कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी।संयोजक कृष्णकांत व राजकुमार अग्रवाल ने बताया की भजन संध्या में बाबा के दरबार को विविध प्रकार के फूलों से सजाया गया।भक्ति संध्या में कलाकारों द्वारा गाए मेरे सर पर रख दो हाथ... दीनानाथ...कीर्तन की है रात बाबा ... मोर छडी लहराई रे...जैसे भजनों पर भक्त खूब झूमे।सचिव दिनेश बंसल ने बताया कि नीमच के गायक अशरफ भाई व दीपक अरोरा ने सभी को नाचने के लिए मजबूर कर दिया।अग्रवाल समाज की श्याम भक्त इशिता अग्रवाल ने अपने भजनों से समा बांध दिया। बाबा को विभिन्न प्रकार के छप्पन भोग का प्रसाद समाज की तरफ से धराया गया। इस अवसर पर अग्रवाल वैष्णव समाज की तरफ से परसादी का आयोजन भी किया गया। अग्रसेन जयंती महोत्सव के मुख्य संयोजक संजय अग्रवाल व राकेश गर्ग ने बताया की खाटूश्याम भजन संध्या से शुरुआत करते हुए अगले एक माह तक विभिन्न प्रकार के आयोजन किये जाएंगे।महिला व पुरुष कार्यकारिणी द्वारा आगामी एक माह तक अग्रसेन जयंती पूरे उत्साह के साथ मनाई जाएगी।

### फर्जी खातेदार गिरफ्तार

**उदयपुर,** 17 सितंबर। शहर के अम्बामाता थाना पुलिस ने फर्जी खातेदार बन कर दूसरे की जमीन बेच कर पीडित से धोखाधडी करने वाले को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 10 जुलाई 2023 को पीडित मेघसिंह ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि राजस्व ठाम लई का गुडा पटवार हल्का बडी बडगांव मे मेरी खाते की जमीन है। 13 जून 2023 को मेरी मौजूदगी एवं जानकारी के बिना मेरे ही नाम के अज्ञात व्यक्ति ने जमीन को बेच दिया। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक भूवन भूषण यादव के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर अनन्त कुमार, पुलिस उप अधीक्षक चांदमल सिंगारिया के सुपरविजन में अम्बामाता थानाधिकारी डॉ.हनवंतसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में एएसआई नरेन्द्रसिंह मय टीम ने जसवंतसिंह उर्फ पप्सा पुत्र उदयसिंह देवड़ा निवासी जवालिया थाना आमेट राजसमंद को डिटेन कर पूछताछ बाद गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने विक्रय इकरार पर नकली मेघसिंह बनकर फर्जी हस्ताक्षर कर बदलेमें 19 हजार रूपये प्राप्त करना स्वीकार किया। इस मामले में पूर्व में हितेश रावल उर्फ हित रावल, शुभम वालोट, धीरेन्द्र पाटीदार, विरेन्द्र उर्फ गोलु व रतनसिंह राजपूत को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी जसवंतसिंह के खिलाफ पूर्व में एनडीपीएस एक्ट का मामला भादसौड़ा चित्तोड़गढ पुलिस थाने में दर्ज है।

### हमले में रेस्टोरेंट संचालक घायल

**उदयपुर,** 17 सितंबर। शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में आपसी कहसूनी के दौरान कार में सवार आरोपियों ने हमला कर स्कूटी सवार को घायल किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्रम्हपुरी कानोड़ हॉल मेघा आवास योजना रकमपुरा निवासी महेन्दसिंह चौहान पुत्र रणजीतसिंह चौहान पर विक्रमसिंह, दर्शनसिंह व साथी हमला कर घायल कर फरार हो गए। 15 सितंबर को महेन्दसिंह देबारी स्थित अपना रेस्टोरेंट बंद कर वापस घर लोट रहा था। जहां बीच रास्ते रकमपुरा रोड़ पर रात में स्कूटी टकराने पर कार में सवार विक्रमसिंह व साथियों ने हमला कर दिया।

### हिस्ट्रीशीटर सहित तीन गिरफ्तार

**उदयपुर,**(कासं)। रेस्टोरेंट संचालक पर तलवार से प्राणघातक हमला करने वाले हिस्ट्रीशिटर सहित तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

16 सितंबर को पीडित शादान खान ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि मेरे रेस्टोरेंट पांजी बाईट चेतक सर्कल पर स्टाफ व मेरे पार्टनर इम्तियाज के साथ बाहर खड़ा था। इस दौरान कस्टमर की कार को टक्कर मारने पर अन्य कार में सवार मजिद उर्फ मच्छी और लक्का व साथी से पूछताछ की तो गाली गालोज कर चले गए। रात में माजिद लक्का, तोसीफ उर्फ मोटा, सलमान हिंगोडी व दोअन्य व्यक्ति ऑटों में आए तलवार से हमला कर दिया। जिससे मजिद व साथी इम्तियाज, रेहान अली पर हमला कर फरार हो गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक भूवन भूषण यादव के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनन्त कुमार, पुलिस उप अधीक्षक चांदमल सगिारिया के सुपरविजन में हाथीपोल थानाधिकारी दलपतसिंह , स्पेशल टीम से यागेश कुमार मय टीम ने आरोपी माजिद , तोसिफ तथा शोएब अलाको गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त हथियार जब्त किए।

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एक अनोखी पहल : शेखावत




सुखाडिया रंगमंच पर आयोजित कार्यक्रम को जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने संबोधित किया।

**उदयपुर,** (कासं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ किया । इस अवसर पर उदयपुर में सुखाडिया रंगमंच पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना ग्रामीण और शहरी भारत के पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को समर्थन देने के लिए यह एक अनूठी योजना है । शिल्पकारों की रचना और प्रवीणता को प्रोत्साहित करते हुए किस तरह उनको और उन्नत करने तथा उनके लिए रोजगार के नए अवसरों का सृजन करने के लिए इस नई योजना का सूत्रपात हुआ है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों ने अपने हाथ की कला, अपनी दक्षता और प्रवीणता से भारत की पहचान पूरे विश्व भर में स्थापित की है। योजना के तहत पहली बार मैं 18 पारंपरिक व्यापार को शामिल किया गया है ।

### नगर कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

**डूंगरपुर।** रविवार कोशहर के मुरला गणेश मंदिर में राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना की बैठक संभाग अध्यक्ष रणजीत सिंह जी फतेहपुरा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह मेडतिया करण सिंह चुडयिा वाडा क्षत्रिय युवा सेवा संस्थान के अध्यक्ष विरेन्द्र सिंह चौहान के नेतृत्व में आयोजित हुई जिसमें करणी सेना डूंगरपुर की नगर कार्यकारणी का विस्तार किया गया।


**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन मूल्यांकन प्राधिकरण राजस्थान के पत्र क्रमांक F1/(4)SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat.1(a) B2 (17211)/2019-20,जयपुर दिनांक 10/11/2020 के अनुसार श्री लख्मी चंन्द्र जाट पुत्र श्री फकीर चंद्र जाट एंव सह-आवेदक कारूलाल जाट पुत्र श्री नेतराम जाट निवासी ग्राम जलोदिया केलुखेडा तह.छोटी सादडी जिला- प्रतापगढ़ (राज.) के पक्ष में निकट ग्राम जलोदिया केलुखेडा तह.छोटी सादड़ी व जिला प्रतापगढ़ (राज.) में स्थित रेड ऑकर एम.एल.नं.14/2018, खसरा नं. 563,564,565 कि उत्पादन क्षमता 40000TPA (ROM) क्षेत्रफल 1.5718 हैक्टर में खनन हेतु पर्यावरण स्वीकृति जारी की गई है। पर्यावरण स्वीकृति की प्रति SEIAA, Jaipur राजस्थान तथा प्रदूषण नियंत्रण मण्डल कार्यालय में जनसाधारण के लिए उपलब्ध है एवं बोर्ड की वेबसाईट www.rspcb.nic.in पर भी देखी जा सकती है।

लख्मी चंन्द्र जाट


# स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**भीम।** राजस्थान भाट समाज महासभा नरवर दिवेर कलवाराक्षेत्र उप शाखा अहमदाबाद, रावत महासभा गुर्जर समाज ,सालवी समाज, आदि के गुजरात प्रवासियों का स्नेह मिलन समारोह विधायक सुदर्शनसिंह रावत के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलवारा अध्यक्ष राधेश्याम रूपावत ने की। विशिष्ट अतिथि नरवर दिवेर महासभा अध्यक्ष ओमप्रकाश अड़ात, पूर्व अध्यक्ष मीठालाल गिरदावर, मंगरा अध्यक्ष रमेश कविया, युवा अध्यक्ष राजू गोरमात, कांठोस जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल नागर, सालवी समाज अहमदाबाद अध्यक्ष हजारीलाल उपाध्यक्ष वनराज, खुमानचंद,हामेला की वेर सरपंच राकेश कुमार सालवी , बरजाल सरपंच सुरेशसिंह, महाराणा प्रताप मंडल अध्यक्ष उदयसिंह,वेणसिह , महेंद्रसिंह देवगढ़ मंडल अध्यक्ष हीरालाल गुर्जर मंदारिया सरपंच अंबालाल गुर्जर,मदनलाल भोगरात, हीरालाल गोरमात महामंत्री मांगीलाल मोरचना, पूर्व थानेदार हेमराज, प्रतापलाल रूपावत, बबलू कुमार भरतकन्हैयालाल, चिमनलाल,पुनाराम रामावत मदनलाल देवड़ा, आदि थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुदर्शन सिंह रावत ने कहा कि राजस्थान के प्रवासी लोगों ने अहमदाबाद गुजरात में अपना कौशल विकास दिखाते हुए राजस्थान का नाम रोशन किया है। गुजरात प्रवासियों पर मुझे गर्व है कि अपना गांव ,घर ,परिवार, परिवार से दूर रहकर भी कड़ी मेहनत एवं लग्न से रोजगार के क्षेत्र में अपना वर्चस्व कायम रखे हुए हैं। मैं प्रत्येक वर्ग की समस्याओं के समाधान हेतु संकल्पित हु। निसंकोच रूप से मुझे अपनी समस्याओं से अवगत कराये। इस अवसर पर युवा समाज सेवी हीरालाल गोरमात, मुकेश कुमार भाट, रमेश कुमार रामावत बबलू रुपावत. भगू कविराज भट्ट डॉ विशाल खोखरियात, गोविंद लाल,गोवलियात, गोपाल लाल,दिलीप रामावत,प्रकाशलाल गोरमात पुनम रामावत महेंद्र कुमार गोरमात, देवीलाल दीपचंद रूपावत,गोपीलाल चेतन खोखरियात सुरेश कुमार, लक्ष्मणलाल गोपाल लाल, प्यारेलाल जयंतीलाल, राजेश कुमार, नरेंद्र सिंह महेंद्र सिंह उदय सिंह खुमार चंद आदि सहित सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष समाजबंधु उपस्थित थे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत करावली, जिला सलूम्बर (राज.)

क्रमांक:-ग्रामल/निविदा/2023-24/SPL-40 दिनांक-15.09.2023

**-: ई निविदा सूचना - 40/2023-24 :-**

ग्राम पंचायत करावली पंचायत समिति सलूम्बर के ग्राम पंचायत करावली में निर्माण कार्यो में सामग्री आपुर्ति हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसकी विस्तृत जानकारी कार्यालय से कार्यालय समय पर एवं विभागीय साईट पर sppp.rajasthan. gov.in & eproc. rajasthan. gov.in पर देखी व डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| NIB NO | ZUD2324A0846 |
| UBN NO | ZUD2324GLOB00973 |

सरपंच, ग्राम पंचायत करावली — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत करावली


# चन्द्रयान 3: क्रमागम उन्नति पर वार्ता का हुआ आयोजन

**उदयपुर,** (कासं)। जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय, विज्ञान समिति एवं डॉ. दौलत सिंह कोठारी शोध एवं शिक्षा संस्थान की ओर से प्रतापनगर स्थित आईटी सभागार में चन्द्रयान 3: क्रमागम उन्नित पर वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें भारत की चन्द्रयान की यात्रा को वरिष्ठ वैज्ञानिका, जी एवं समूह निदेशक, ग्रह और भूविज्ञान समूह के डॉ. आशुतोष आर्य, वरिष्ठ वैज्ञानिक, एसजी सेंसर विभाग, अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र ईसरों के डॉ. हरीश सेठ ने चन्द्रयान की विकास यात्रा को प्रोजेक्टर के प्रजेनटेशन के माध्यम से विधार्थियों केा बताया और उनके मन में उपजे प्रश्नो एवं जिज्ञासाओं को शांत किया।

उन्होंने कहा कि क्रमागत विकास की उन्नित के कारण ही आज इंसानों की एक कॉम्पलेक्स लाइफ फॉर्म हुई। इसमें ऑक्सीजन का बहुत बड़ा योगदान है। हमारे सोचने के तरीकों से लेकर हमारी बनावट और बाकी चीजों में क्रमागत उन्नित ही काम कर रही है। आज के समय क्रमागत उन्नित के विकास ने हमारी मेधा को उस स्तर पर पहुंचा दिया है, जहां हम खुद अंतरिक्ष में यात्रा कर सकते हैं और सुदूर अंतरिक्ष में सफर करने वाले वॉयजर जैसे यान भी भेज चुके हैं। यही नहीं अब तो चांद, मंगल और कई दूसरे उपठाहों को कॉलोनाइज करने की योजना बनाई जा रही है। एक समय पृथ्वी पर कॉम्पलेक्स लाइफ फॉर्म करने में जिस साइनोबैक्टीरिया ने बड़ी भूमिका निभाई थी। अब चांद और मंगल ग्रह को कॉलोनाइज करने में इसकी काफी ज्यादा जरूरत हम लोगों को है। नासा साल 2025 में अपने आर्टेमिस मिशन के अंतर्गत चांद के दक्षिणी ध्रूव पर इंसानों को उतारने जा रहा है। ऐसे में इस सेलेस्टियल बॉडी को कॉलोनाइज करने में साइनोबैक्टीरिया का एक अहम किरदार होगा। कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि दुनिया भर में भारत के चंद्रायन-3 मिशन की सफलता के लिए प्रशंसा मिल रही है चांद पर ऐतिहासिक लैंडिंग की दुनिया भर में व्यापक रूप से प्रशंसा है बहुत कम लोग जानते हैं कि चंद्रयान-3 को यह नाम कैसे मिला उन्होंने हिंदुस्तान टाइम्स की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि साल की शुरुआत में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो के अध्यक्ष श्रीधर सोमनाथ ने कहा था कि संस्कृत में लिखा गया भारतीय साहित्य अपने मूल और दार्शनिक रूप में बेहद समृद्ध है यह वैज्ञानिक रूप में भी महत्वपूर्ण है उन्होंने कहा कि प्राचीन भाषा की संरचना और वाक्य विन्यास इसे वैज्ञानिक विचारों और प्रक्रियाओं को दर्शाने के लिए आदर्श बनाते हैं।

आईटी सभागार में चन्द्रयान 3: क्रमागम उन्नित पर वार्ता का आयोजन किया गया

### मेडल प्राप्त कर झूम उठे खिलाडी

**उदयपुर,** 17 सितम्बरराजस्थान रोलर स्केटिंग फेडरेशन के निर्देश पर उदयपुर स्केट एसोसिएशन द्वारा जिला स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ।

उदयपुर स्केटिंग एसोसिएशन के जिला सचिव कपिल सुराणा ने बताया कि उदयपुर में आयोजित जिला स्तरीय स्केटिंग चैंपियनशिप का रविवार को सीपीएस स्कूल में समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिताओं में 242 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में कुल 3 अलग अलग रेस का आयोजन किया गया जिसमे प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे प्रतिभागियों को कार्यक्रम आयोजित कर जिला खेल अधिकारी अजीत जैन, सीपीएस स्कूल डायरेक्टर अलका शर्मा, अनिल शर्मा, पूनम राठौड द्वारा पुरस्कृत किया गया। समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिला खेल अधिकारी ने विजेता खिलाडियों का आव्हान किया कि उदयपुर से धनुर्धर लिंबा राम जैसे खिलाडी ने पूरे विश्व में अपना और उदयपुर का नाम रोशन किया था। इस खिलाडी ने छोटे से गांव से निकलकर पूरे विश्व में परचम फहराया इसलिए हमें किसी भी तरह से घबराना नहीं है और कठिन से कठिन अभ्यास करते हुए मंजिल को हासिल करना है।

जिला स्तरीय स्पीड स्केटिंग चैम्पियन शिप आयोजिक सचिव अंजलि सुराणा ने बताया कि उदयपुर स्केटिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में दूसरी बार इस स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया। उदयपुर में वर्षों से कई बच्चे स्केटिंग में अपना भाग्य आजमा रहे हैं लेकिन कोई प्रतियोगिता का आयोजन नहीं होने के कारण वह अपना प्रदर्शन नहीं कर सकते थे, ऐसे खिलाडीयो को मंच उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से उदयपुर में ही इस प्रतियोगिता का आयोजन किया ।


## कार्यालय ग्राम पंचायत खरका , जिला सलूम्बर (राज.)

क्रमांक:-ग्रामल/निविदा/2023-24/SPL-18 दिनांक-15.09.2023

**-: ई निविदा सूचना - 39/2023-24 :-**

ग्राम पंचायत खरका पंचायत समिति सलूम्बर के ग्राम पंचायत खरका में निर्माण कार्यो में सामग्री आपुर्ति हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसकी विस्तृत जानकारी कार्यालय से कार्यालय समय पर एवं विभागीय साईट पर sppp.rajasthan. gov.in & eproc. rajasthan. gov.in पर देखी व डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| NIB NO | ZUD2324A0845 |
| UBN NO | ZUD2324GLOB00972 |

सरपंच, ग्राम पंचायत खरका — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत खरका